INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class:VII- 3rd Lang | Department: Hindi | Date of submission: Keep in File |
|---|---|---|
| Question bank | Topic: **अनुशासन का महत्त्व** | Note: Read, write and learn |

1.प्रश्नोत्तर – मौखिक –

प्रश्न  क. समय का पालन अनुशासन का अनिवार्य अंग क्यों और कैसे  है  ?

उत्तर : समय का पालन अनुशासन का एक अनिवार्य पहलू है  l स्वयं को अनुशासित रखकर ही हम सबके साथ ख़ुशी से रह सकते हैं l समय पर स्कूल जाना, समय पर ऑफिस जाना, समय पर सब काम करना आदि l समय का पालन न करने पर मौक़ा हाथ से निकल जाता है और पछताना पड़ता है l

प्रश्न ख. प्राचीनकाल में कहाँ कठोर नियमों का पालन करना आवश्यक था  ?

उत्तर : प्राचीनकाल में गुरुकुलों में विद्यार्थी को कठोर नियमों का पालन करना आवश्यक था l

लिखित प्रश्न-

प्रश्न क. अनुशासन की परिभाषा अपने  शब्दों में लिखिए   ?

उत्तर : नियमों के नियंत्रण में रहना और नियमित रूप से उनका  पालन करना ही अनुशासन कहलाता है l  l

प्रश्न ख. आत्मिक अनुशासन और वाह्य अनुशासन में क्या अंतर है   ?

उत्तर : आत्मिक अनुशासन वह है जिसमें व्यक्ति स्वेच्छा से अनुशासन में रहता है l उसपर कोई बाहरी दबाव नहीं रहता l वह स्वयं अनुशासित रहकर अपना काम करता है l

वाह्य अनुशासन वह है जिसमें बाहरी दबावों के कारण व्यक्ति अनुशासन में रहता है l वह अपने मन से नहीं बल्कि बाहरी दबाव  के कारण अपना काम  करता है l

प्रश्न ग. सड़क पर चलते समय आप नियमों का पालन क्यों करते हैं  ?

उत्तर: सड़क पर चलते समय यदि लोग अनुशासनहीन हो जाएँगे  तो सारी व्यवस्था गड़बड़ा जाएगी l यदि हर व्यक्ति मनमानी करने लगे  तो समाज का काम नहीं चल सकता l अनुशासन में रहने पर ही अनेक दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है l

प्रश्न घ. विद्यालय और कक्षा में आप अनुशासन का पालन कैसे करते हैं   ?

उत्तर : विद्यालय और कक्षा में हम विद्यालय और कक्षा के नियमों का पालन कर अनुशासन का पालन करते हैं l जैसे कि समय पर विद्यालय पहुँचना , छुट्टी होने पर अनुशासित होकर कक्षा और विद्यालय से बाहर निकलना, समय पर घर पहुँचना , कक्षा में अपनी जगह पर अनुशासित होकर बैठना, शिक्षक जो बताए उसे ध्यान से सुनना , शिक्षक की अनुपस्थिति में भी शोर न मचाना इत्यादि l

प्रश्न च : घर में अनुशासन का पालन कैसे कर सकते हैं ?

उत्तर : बड़ों का सम्मान करके , उनकी आज्ञा का पालन करके , छोटों से स्नेह करके घर में अनुशासन का पालन कर सकते हैं l

प्रश्न छ. अनुशासन राष्ट्र को महान कैसे बनाता है ?

उत्तर : जिस राष्ट्र के नागरिक अनुशासित होते हैं , वह राष्ट्र बड़े-से बड़े संकट को भी साहस एवं स्वाभिमान के साथ झेल लेता है और विकास के पथ पर आगे बढ़ता जाता है l

प्रश्न ज : विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का क्या महत्त्व है ?

उत्तर : विद्यार्थी जीवन मनुष्य के भावी जीवन की आधारशिला है l इसी समय वह अनुशासन में रहना सीखता है l अनुशासन में रहे बिना वह उचित ढंग से विद्या प्राप्त नहीं कर सकता l अनुशासन के अभाव में विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता l केवल अनुशासित विद्यार्थी ही अपने जीवन को सुचारू रूप से चला सकता है l

2. इन वाक्यों को पूरा कीजिए :

क. आत्मिक अनुशासन में व्यक्ति स्वेच्छा से अनुशासित रहता है l

ख. अनुशासन का पालन जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक है l

ग. विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का पालन करना अत्यंत

घ. अनुशासन के अभाव में विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास संभव नहीं हो पाता l

3. निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए :

| शब्द | उपसर्ग | मूल शब्द |
|---|---|---|
| अधर्म | अ | धर्म |
| अभिनेता | अभि | नेता |
| अवगुण | अव | गुण |
| पराजय | परा | जय |
| अनुशासन | अनु | शासन |

4. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए :

| शब्द | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|
| आवश्यकता | आवश्यक | ता |
| महत्त्वपूर्ण | महत्त्व | पूर्ण |
| चित्रकार | चित्र | कार |
| फलदार | फल | दार |
| अनुशासनहीन | अनुशासन | हीन |

5. . निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए :

नियम : छात्रों को स्कूल के नियमों का पालन करना चाहिए l

अनुशासन : छात्रों को अनुशाशन का पालन करना चाहिए l

प्रकृति : प्रकृति सभी जीवों का पालन-पोषण करती है l

आधारशिला : हमारे गाँव में एक स्कूल की आधारशिला रखी गई l

6. पाठांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

अनुशासन, अनु + शासन दो शब्दों के मेल से बना है। अनुशासन न केवल मनुष्यों में अपितु प्रकृति के लगभग सभी जीवों में परिलक्षित होता है l छोटी-छोटी चींटियाँ भी पंक्ति बनाकर चलती हैं l हाथी जैसा विशाल जीव भी अपने महावत की आज्ञा का पालन करता है l आकाश में पक्षी v आकार में उड़ते हैं l दिन-रात का क्रम , ऋतुओं में परिवर्तन , मौसम के अनुसार पेड़ – पौधों में फल – फूल लगना आदि सभी प्रकृति के अनुशासन के ही रूप हैं l

क . प्रकृति के अनुशासन के दो उदाहरण दीजिए l

उत्तर: दिन-रात का क्रम और ऋतुओं में परिवर्तन प्रकृति के अनुशासन के दो उदाहरण हैं l

ख. कौन पंक्ति बनाकर चलती हैं ?

उत्तर : चींटियाँ पंक्ति बनाकर चलती हैं l

ग. हाथी की देखभाल करनेवाला क्या कहलाता है ?

उत्तर : हाथी की देखभाल करनेवाला महावत कहलाता है l

घ . ‘ दिन – रात’ किस प्रकार का शब्द है ?

उत्तर : दिन और रात एक – दूसरे के विपरीतार्थक शब्द हैं l

ङ. आकाश में पक्षी किस आकार में उड़ते हैं ?

उत्तर: आकाश में पक्षी v आकार में उड़ते हैं।

च. अनुशासन किन दो शब्दों के मेल से बना है ?

उत्तर : अनुशासन, अनु + शासन दो शब्दों के मेल से बना है।

छ. हाथी जैसा विशाल जीव किसकी आज्ञा का पालन करता है ?

उत्तर : हाथी जैसा विशाल जीव भी अपने महावत की आज्ञा का पालन करता है l